उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय

सुद्धोवाला, देहरादून
फोन नं0 0135-2770126, 127, 128 फैक्स नं0 0135-2770124, 130
वेबसाइटः www.uktech.ac.in

संख्या- /काउंसिलिंग/2012

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक .....

बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों/प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों/तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेज-टीएचडीसी इंजीनियरिंग कॉलेज, टिहरी एवं सीमान्त इंजीनियरिंग कॉलेज, पिथौरागढ़ में शैक्षिक सत्र 2012-13 के लिए बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 27 जून, 2012 से ऑनलाइन काउंसिलिंग आयोजित की जा रही है। बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश वर्ष 2012 की ए0आई0ई0ई0 परीक्षा की रैंक के आधार पर दिये जायेंगे। **प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग में भाग लेने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह निम्नलिखित दिशा-निर्देशों को भली-भाँति पढ़ लें और किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु विश्वविद्यालय वेबसाईट http://uktech.ac.in एवं http://ukcounseling.nic.in अथवा विश्वविद्यालय के कॉलसेंटर के दूरभाष नम्बर-0135-2770126, 09412009830, 07895508337, 09634404737 पर दिनांक 25 जून, 2012 से प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।**
काउंसिलिंग Schedule का विवरण निम्नवत् है :-

काउंसिलिंग के चरण	काउंसिलिंग शुल्क बैंक में जमा करने की अवधि	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं विकल्प (Choice) भरने की अवधि	सीट आवंटन की तिथि	अभ्यर्थियों द्वारा आवंटित कॉलेज में प्रवेश लेने की अवधि	अभ्युक्ति
प्रथम चरण	27 जून, 2012 से 04 जुलाई, 2012	02 जुलाई, 2012 से 07 जुलाई, 2012	10 जुलाई, 2012	11 जुलाई, 2012 से 15 जुलाई, 2012	AIEEE-2012 परीक्षा में सम्मिलित सभी श्रेणी के सभी अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध
द्वितीय चरण	16 जुलाई, 2012 से 20 जुलाई, 2012	19 जुलाई, 2012 से 23 जुलाई, 2012	26 जुलाई, 2012	27 जुलाई, 2012 से 31 जुलाई, 2012	प्रथम चरण के पश्चात् अवशेष रिक्त सीटों के लिए नया रजिस्ट्रेशन एवं Seat Upgradation के लिए

1. काउंसिलिंग में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थी उपरोक्त Schedule के अनुसार वेबसाईट **http://ukcounseling.nic.in** से काउंसिलिंग शुल्क चालान **दिनांक 27 जून, 2012 से डाउनलोड कर सकते हैं।**
2. काउंसिलिंग से संबंधित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश/जानकारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाईट **http://uktech.ac.in** एवं **http://ukcounseling.nic.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।
3. शुल्क चालान के साथ अभ्यर्थी भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी निकटतम शाखा में जाकर काउंसिलिंग फीस (Non-Refundable) ₹ 1050/- (सभी श्रेणी हेतु) नकद जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
4. बैंक में काउंसिलिंग शुल्क जमा करने के उपरान्त उपरोक्त Schedule के अनुसार अभ्यर्थी वेबसाईट **http://ukcounseling.nic.in** पर अपना ऑनलाईन पंजीकरण (Registration) एवं पाठ्यक्रम विकल्प (Choices) भर सकते हैं।
5. अभ्यर्थी काउंसिलिंग के प्रत्येक चरण के लिए ऑनलाईन पंजीकरण (Registration) एवं विकल्प (Choices) भरने के लिए वेबसाईट **http://ukcounseling.nic.in** का ही प्रयोग करें।
6. कॉलेज में सीट आवंटित होने के उपरान्त अभ्यर्थी अपना कम्प्यूटर जनित एलॉटमेंट लैटर, समस्त मूल अभिलेखों/प्रमाण-पत्रों, बैंक चालान की प्रति, ए0आई0ई0ई0ई0 एडमिट कार्ड दिखाकर सम्बन्धित संस्थान में अपना प्रवेश (Admission) प्राप्त कर सकता है। प्रवेश के समय मान्य मूल अभिलेख प्रदर्शित नहीं करने की दशा में या कोई अन्य त्रुटि पाये जाने की दशा में अभ्यर्थी का आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा। आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की जांच विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेशित छात्र के विश्वविद्यालय में पंजीकरण के समय की जायेगी।
7. **शासनादेश सं0-348/XXIV(8)/10-26/10 दिनांक 19.01.2011 एवं यथासंशोधित शासनादेश संख्या-647/XLI-1/12-26/10 दिनांक 20.06.2012 के द्वारा सभी निजी एवं राजकीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों तथा उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेजों में आर्थिक रूप से निर्बल श्रेणी हेतु Tuition Fee Waiver Scheme अनिवार्य रूप से लागू की गयी है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक कॉलेज के प्रत्येक पाठ्यक्रम में स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 5 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें उत्तराखण्ड के ऐसे स्थायी निवासियों के लिए आरक्षित की गयी हैं, जिनके अभिभावकों की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय ₹ 4.50 लाख से कम हो। ऐसे प्रवेशित अभ्यर्थियों से सम्पूर्ण पाठ्यक्रम हेतु शिक्षण शुल्क नहीं लिया जायेगा। अभ्यर्थी इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश एवं उक्त शासनादेशों को विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.uktech.ac.in पर देख सकते हैं।**

कुलसचिव

Size : 16cm(W) x 16cm(H)